CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
Tital Code:RAJHIN27921

# दैनिक मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732

वर्ष: 01 | अंक: 126 | जयपुर | 15 दिसंबर 2022 | गुरुवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04



# 2023 में जनता गहलोत सरकार को विदा कर देगी: डॉ. पूनियां

जयपुर।भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने करौली जिले में कैला देवी जी के दर्शन एवं पूजा अर्चना करजन आक्रोश यात्रा का शुभारंभ किया, जिसमें वह कांग्रेस सरकार द्वारा किसान और युवाओं से की गई वादाखिलाफी, बिगड़ी कानून व्यवस्था इत्यादि मुद्दों को लेकर विभिन्न गांवों में आमजन से संपर्क करते हुए मदन मोहन जी मंदिर तक 25 किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे 'इस दौरान सतीश पूनियां ने जन आक्रोश यात्रा में आमजन से जनसंपर्क और संवाद कर कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पत्रक वितरित किये 'जनाक्रोश में पदयात्रा के दौरान सतीश पूनियां ने पैदल चलकर पेट्रोल पंप कैलादेवी, खोहरी मोड़, मोहनपुरा मोड, अतेवा मोनी बाबा आश्रम, राजौर, करसाई, मामचारी, कल्याणी, गंगापुर मोड़, गदका की चौकी, तीनबड़ सहित विभिन्न गांवों में पैदल चलते हुए शाम को मदन मोहन जी मंदिर में दर्शन किये और प्रदेश की खुशहाली व उन्नति की कामना की'सपोटरा और करौली विधानसभा क्षेत्रों के गांवों में आमजन, युवाओं और माता बहनों से संवाद किया, इस दौरान बड़ी बुजुर्ग माता बहनों ने सतीश पूनियां को खूब प्यार और आशीर्वाद दिया और सपोटरा में अपने हाथ से बनाई हुई बाजरे की रोटी और चटनी खिलाई'सपोटरा विधानसभा क्षेत्र में सतीश पूनियां ने जमीन पर बैठकर भोजन किया, जहाँ बुजुर्ग माता बहनों ने स्थानीय लोकगीत गाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान में 2023 और 2024 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद दिया और 2023 में कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया' अतेवा मोनी बाबा आश्रम में परम संत मोनी बाबा से मुलाकात कर पूनियां ने आशीर्वाद लिया'सतीश पूनियां ने कहा कि कांग्रेस सरकार की विफलताओं और केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने के लिए जन आक्रोश रथ यात्रा 200 विधानसभा क्षेत्रों में निकाली जा रही है।उन्होंने कहा कि, कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के शासन में प्रदेश में अराजकता और अपराध लगातार बढ़े हैं। प्रदेश की कांग्रेस सरकार निरंकुश होकर काम कर रही है, जिससे जनता त्रस्त है। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में जनता इस जनविरोधी गहलोत सरकार को विदा कर देगी, जिसने किसानों से कर्जमाफी के नाम पर और युवाओं से पेपर लीक, लंबित भर्तियां, बेरोजगारी भत्ता इत्यादि को लेकर वादाखिलाफी की है'कांग्रेस शासन में किसानों से कर्जमाफी के नाम पर झूठा वादा करने के साथ ही 18 हजार से अधिक किसानों की जमीनों की नीलामी हो चुकी हैं, जिससे प्रदेश का किसान अवसाद में है और कई जिलों में किसान सुसाइड कर चुके हैं'बंसी का बाग बरखेड़ा स्कूलमें मूक बधिर बच्चों से सतीश पूनियां ने मुलाकात की, इस दौरान उनकी पढ़ाई व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री महेंद्र जाटव, करौली जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र मीणा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, मानसिंह गुर्जर, रमेश मीणा, रमेश खींची, हंसराज बालोती, भैरों सिंह गुर्जर, रूप सिंह गुर्जर, ओम प्रकाश सैनी, राजेंद्र मीणा, नेम सिंह फौजदार, उदयसिंह, धर्मा डागुर इत्यादि यात्रा में साथ रहे' उल्लेखनीय है कि सतीश पूनियां ने पिछले दिनों भी जयपुर, आमेर, पाली, भरतपुर, झुंझुनूं, सीकर, नागौर इत्यादि जिलों में भी जनाक्रोश यात्रा में पैदल चलकर आमजन से संवाद किया।



# कचरा उठाया नहीं तो ऐप पर कर सकेंगे शिकायत



जयपुर. जयपुर नगर निगम ग्रेटर एरिया के लोगों को अब डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की शिकायत के लिए किसी पार्षद या कॉल सेंटर पर फोन करके करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह की परेशानी होने पर लोग अब नगर निगम की ओर से जारी किए एप पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। इसके लिए मालवीय नगर और मुरलीपुरा जोन एरिया के लोगों के लिए मोबाइल एप लांच किया है। इस एप में आप अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है और शिकायत का निस्तारण हुआ या नहीं इसका स्टेट्स भी देख सकते है। इस नए सिस्टम के शुरू होने के साथ ही संभावना जताई जा रही है कि जनवरी अंत या फरवरी से यहां के लोगों से यूजर चार्ज भी वसूल करना शुरू किया जा सकता है। मेयर सौम्या गुर्जर, कमिश्नर महेन्द्र सोनी ने आज इस एप की लांचिंग की है। इस मौके पर मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ भी मौजूद थे। जयपुर नगर निगम ग्रेटर में इस एप की सुविधा अभी केवल दो जोन मालवीय नगर और मुरलीपुरा में बने घरों के लिए शुरू की है। इन दोनों जोन एरिया में करीब 1.80 लाख घर है, जिनके बाहर नगर निगम ने रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन कार्ड लगाए है। इन कार्ड को लगाने का काम पिछले 3 महीने से ज्यादा से चल रहा है और दिसंबर अंत तक इन दोनों जोन एरिया में लगभग सभी घरोंमें ये लगा दिए जाएंगे। गूगल प्ले स्टोर पर जाकर मालवीया नगर जयपुर एसडब्ल्यूएम SWM या MurlipurÔ JÔipur SWM के नाम से एप सर्च करेंगे। एप मिलने के बाद उसे डाउनलोड करके उसे रन करने के लिए अपने घर पर लगे फ्रक्रक्रकार्ड का नंबर उसमें डालेंगे।

## जादुई बक्सा बताकर तांत्रिकों ने टीचर से 41 लाख ठगे

केकड़ी. सरकारी स्कूल के टीचर को जादुई बक्सा देकर 41 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। ठगों ने बक्से में से रोजाना 10 हजार रुपए निकलने का दावा किया। रुपए नहीं निकलने पर टीचर को ठगी का पता चला। मामला अजमेर के केकड़ी का है। ग्रेड थर्ड टीचर अशोक मीणा ने केकड़ी सिटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया। टीचर ने बताया वह धार्मिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। मार्च 2019 में देवगांव गेट के बाहर स्थित दीदारनाथ आश्रम में माता काली के मंदिर में रोजाना जाता था। जहां उसकी मुलाकात सब्जी मंडी निवासी जयप्रकाश शर्मा उर्फ सिद्धांत नाथ अघोरी से हुई। उसने अपने आप को बड़ा तांत्रिक बताया। उसे विश्वास में ले लिया। टीचर ने बताया 14 जनवरी 2020 को आरोपी जयप्रकाश ने उसे विश्वास दिलाया कि शाहपुर महाराष्ट्र निवासी शिवनाथ बहुत बड़ा तांत्रिक है। जो तुम्हे एक बक्सा देगा। इसमें से हर रोज 10 हजार रुपए निकलेंगे। जो तीन साल तक हर रोज निकलते रहेंगे। इस तरह अशोक तांत्रिक के झांसे में आ गया। लकड़ी के बक्से के लिए 3 लाख रुपए तांत्रिक जयप्रकाश के खाते में डाल दिए। अशोक तांत्रिक जयप्रकाश के साथ महाराष्ट्र में शिवनाथ के पास गया। जहां शिवनाथ ने उसे लकड़ी का बक्सा दिया। टीचर ने बताया तांत्रिक शिवनाथ की ओर से दिए गए बक्से से छह दिन तक रोज 10 हजार रुपए निकले, लेकिन इसके बाद पैसे निकलना बंद हो गए। अशोक ने जयप्रकाश को इसकी जानकारी दी। जिस पर उसने कहा वो तांत्रिक शिवनाथ से बात करेगा। शिवनाथ ने अशोक को बॉक्स वापस लाने के लिए कहा। पीड़ित और जयप्रकाश महाराष्ट्र में शिवनाथ के पास गए। शिवनाथ ने कहा अभी कोरोना चल रहा है, इसलिए धार्मिक स्थल बंद है। खुलेंगे तब बक्से को ठीक कर दूंगा, ऐसा कहकर शिवनाथ ने बक्सा अपने पास रख लिया। तांत्रिक शिवनाथ को बक्सा देने के कुछ दिन बाद जयप्रकाश ने कहा कि उसे जमीन में गड़ा धन मिला है। जिसे शुद्ध करना होगा।तांत्रिक शिवनाथ को एक लाख रुपए की जरूरत है। अगर तुम दोगे तो मैं तुमको सोने का 5 प्रतिशत दे दूंगा। इसके बाद झांसे में आकर अशोक ने तांत्रिक शिवनाथ के खाते में एक लाख रुपए भिजवा दिए। आरोपी जयप्रकाश ने उसे पूरा भरोसा दिलाने और प्रभावित करने लिए देवगांव गेट स्थित आश्रम के एक कमरे में भेजता। वहां बिखरे पड़े पैसे लाने को कहता। टीचर झांसे में आ गया। जमीन में दबा धन निकालने और बक्सा वापस लाने के नाम तांत्रिक उससे 14 लाख 95 हजार 255 रुपए अपने खाते में डलवा लिए। वहीं, 6 लाख 50 हजार रुपए कैश ले लिए।



शिवनाथ, तांत्रिक | जयप्रकाश, तांत्रिक | अशोक, पीड़ित

# उद्योगपतियों के इशारों पर काम कर रहे मोदी:राहुल गांधी

सवाईमाधोपुर. राहुल गांधी ने कहा देश के 100 पूंजीपतियों के पास आधी हिंदुस्तान की आबादी जितना पैसा है। नरेंद्र मोदी भी इन्हीं के इशारे पर काम करते हैं। जो ये कहते हैं वही काम मोदी करते हैं। बड़े उद्योगपतियों ने कहा कि छोटे व्यापारियों को खत्म करना है, जो मोदी ने किया। जीएसटी गलत तरीके से इसीलिए लागू की। मुझे आज ही बताया गया कि 25 किलो से कम गुड़, बेसन बेचने पर जीएसटी लगता है, ज्यादा पर नहीं लगता। इसीलिए छोटे कारोबारियों को खत्म करने का षड्यंत्र किया गया। राहुल बुधवार शाम को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दौसा के बगड़ी में नुक्कड़ सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में आज सुबह आरबीआई के पूर्व गवर्नर एन रघुराम राजन जुड़े हैं। राहुल गांधी ने राजन के साथ लंबी चर्चा की। टी ब्रेक तक लगातार दोनों बातचीत करते हुए चल रहे थे। आर्थिक मुद्दों पर रघुराम राजन बेबाक राय रखते रहे हैं। गौरतलब है कि भारत जोड़ो यात्रा में लगातार अलग-अलग क्षेत्रों के लोग जुड़ रहे हैं। राहुल गांधी और रघुराम राजन के बीच आधे घंटे से ज्यादा समय बातचीत हुई। दोनों ने एक डॉक्यूमेंट्री के लिए आर्थिक मुद्दों पर अपनी राय रखी।



रघुराम राजन को यूपीए के दूसरे कार्यकाल में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का गवर्नर बनाया गया था। इधर, यात्रा के दौरान मीडिया से बातचीत में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने भारत-चीन सीमा विवाद पर कहा, जब यह घटना घटी, उसके 5 दिन बाद सरकार का स्टेटमेंट आया है, लेकिन उसमें कुछ भी नया नहीं है। केंद्र सरकार को चाहिए इस मुद्दे पर विपक्ष को विश्वास में लेकर चर्चा करें। इस मसले पर पूरा देश सरकार के साथ खड़ा है, लेकिन बिना पारदर्शिता लाए हम कैसे आगे बढ़ेंगे। सच्चाई के साथ केंद्र सरकार को चर्चा करनी चाहिए। अगर सीमा पर चीन अतिक्रमण करना चाहता है तो उसका मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए। इससे पहले मंगलवार को दौसा में ही राहुल गांधी गो बैक के नारे लिखे मिले। इसकी जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। शहर के आगरा रोड और लालसोट ओवरब्रिज पर लिखे इन स्लोगन को तुरंत मिटाया गया है।

## तवांग झड़प के बाद चीन ने तैनात किए एयरक्राफ्ट




वॉशिंगटन. अरुणाचल के तवांग में 9 दिसंबर को भारतीय और चीनी सैनिकों की झड़प के दो दिन बाद चीन ने अपने शिगात्से पीस एयरपोर्ट पर 10 एयरक्राफ्ट तैनात किए थे। इसका खुलासा सैटेलाइट इमेज में हुआ है। ये इमेज मैक्सार टेक्नोलॉजीज ने जारी की हैं। इसके मुताबिक भारत-चीन बॉर्डर यानी एलएसी से करीब 155 किलोमीटर दूर चीन की मिलिट्री एक्टिविटीज देखी गईं। चीन इस एयरपोर्ट का इस्तेमाल मिलिट्री और सिविलियन पर्पज के लिए करता है। यहां चीनी एयरफोर्स के फाइटर जेट्स, हेलिकॉप्टर और ड्रोन्स तैनात किए गए हैं। यहां से भारतीय सीमा काफी करीब है। सैटेलाइट इमेज में 7 ड्रोन्स भी नजर आ रहे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के प्रेस सेक्रेटरी पैट राइडर ने कहा चीन उकसावे की कार्रवाई करता है। अमेरिका ने देखा कि चीन एलएसी के पास सेना जुटा रहा है। यहां उसने मिलिट्री इंफ्रास्ट्रचर भी तैयार कर लिया है। भारत हालात को संभालने की कोशिश कर रहा है और अमेरिका इसका समर्थन करता है। हम अपने मित्र देशों की सिक्योरिटी तय करेंगे। कोई भी देश ताकत के जोर पर और एकतरफा अगर बॉर्डर चेंज की कोशिश करता है तो अमेरिका इसके सख्त खिलाफ है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैराइन जीन-पियरे ने कहा अमेरिका इस अहम मुद्दे पर नजर बनाए हुए है। हमें खुशी है कि भारत और चीन अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में झड़प के बाद जल्द ही अलग हो गए। हम दोनों देशों को आपस में बातचीत के जरिए यह मुद्दा हल करना चाहिए।

## स्टील केबिल ब्रिज का शिलान्यास आज

जयपुर. ज्यादातर जाम रहने वाले जेएलएन मार्ग पर ओटीएस चौराहे को अब सिग्नल फ्री जंक्शन बनाया जाएगा। इसके लिए जेडीए यहां 600 मीटर से 1 किलोमीटर लंबा फोरलेन स्टील केबिल स्टेड ओवरब्रिज बनाएगा। इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास 15 दिसंबर को नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल करेंगे। ये जयपुर का पहला स्टील केबिल स्टेड ब्रिज होगा। साथ ही 2 क्लोवर लीफ बनाने की तैयारी की जा रही है। जेडीए अधिकारियों ने बताया कि सिग्नल फ्री जंक्शन के तहत ओटीएस पर काम कराया जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर 150 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि यहां एक ओवरब्रिज बनाया जाएगा, जबकि जलधारा और ओटीएस परिसर के पास दो क्लोवर लीफ बनाए जाएंगे। आपको बता दें कि जेएलएन मार्ग पर ट्रैफिक का सबसे ज्यादा दबाव इसी चौराहे पर रहता है। यहां सुबह-शाम पीक ऑवर्स में गाड़ियों की संख्या इतनी ज्यादा रहती है कि दो लाइट होने के बाद ही जंक्शन को क्रॉस करने का नंबर आता है।



### कर्मचारी चयन बोर्ड ने शिक्षक भर्ती परीक्षा की विज्ञप्ति जारी कर दी

# राजस्थान में 48,000 पदों पर होगी शिक्षकों की भर्ती

जयपुर. राजस्थान के लाखों अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया है। कर्मचारी चयन बोर्ड ने शिक्षक भर्ती परीक्षा की विज्ञप्ति जारी कर दी है। जिसके तहत प्रदेश में अब 48,000 पदों पर शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए 21 दिसंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। जो 19 जनवरी तक चलेगी। वहीं इसके बाद 25 फरवरी से 28 फरवरी तक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि सबसे पहले दैनिक भास्कर ने रीट भर्ती परीक्षा की तारीख आगे बढ़ने के साथ पदों की संख्या बढ़ने और फरवरी के आखरी सप्ताह में भर्ती परीक्षा के आयोजन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। दरअसल, 26 सितंबर 2021 को 15 हजार पदों पर आयोजित रीट लेवल-2 का पेपर आउट होने के बाद सरकार ने रद्द कर दिया था। इसके बाद गहलोत ने 2022 में कुल 31 हजार 500 पदों पर लेवल-2 की भर्ती निकाली। इसमें लेवल-2 के पुराने 15000 पद भी शामिल थे। लेकिन भर्ती विज्ञप्ति जारी होने के पहले सरकार ने एक बार फिर लेवल-2 के पदों को घटाकर लेवल-1 के पदों में बढ़ोतरी कर दी थी। इसके बाद प्रदेशभर के युवाओं ने सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक इसे लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। युवाओं के विरोध के बाद अब सरकार ने लेवल-2 में भी 1500 पदों की संख्या में इजाफा किया है।



## सम्पादकीय

### 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल होने के आसार बढ़े

पंजाब में सफलता के बाद उनकी पार्टी गुजरात और हिमाचल में चुनाव में उतरी। हिमाचल प्रदेश में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को केवल 1.10 प्रतिशत मत हासिल हुए। वह अपना खाता तक नहीं खोल पाई।आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय दल बनने के बाद 2024 के आम चुनाव में मोदी के मुकाबले आप के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल मजबूत विकल्प हो सकते हैं। विपक्षी दल एकजुटता के काफी समय से प्रयास में लगे हैं। हर दल का नेता अपने को प्रधानमंत्री मोदी के विकल्प के रूप में पेश करने में लगा था, किंतु केजरीवाल ने अपनी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनाकर इस दिशा में लंबी छलांग लगा दी। आप के राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद ये भी साफ हो गया कि अब तक विपक्षी एकता से केजरीवाल दूर क्यों थे? वे चुपचाप अपनी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनाने में लगे थे। और वे अब इस इरादे में कामयाब हो गए।पंजाब में सफलता के बाद उनकी पार्टी गुजरात और हिमाचल में चुनाव में उतरी। हिमाचल प्रदेश में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को केवल 1.10 प्रतिशत मत हासिल हुए। वह अपना खाता तक नहीं खोल पाई। 67 सीटों पर खड़े आप के प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए। कई सीट पर उसे नोटा से भी कम वोट मिले हैं। कुल मिलाकर नोटा का प्रतिशत करीब 0.60 रहा। डलहौजी, कसुम्पटी, चौपाल, अर्की, चंबा और चुराह जैसे निर्वाचन क्षेत्रों में आप की तुलना में लोगों ने नोटा को अधिक तरजीह दी।गुजरात में आम आदमी पार्टी पहली बार चुनाव में उतरी। उसने पांच सीटों पर जीत हासिल की। ये उसके लिए बड़ी उपलब्धि है। आप के 182 उम्मीदवारों में से 126 उम्मीदवारों की जमानत भले ही जब्त हो गई। पर 35 सीटों पर आम आदमी पार्टी दूसरे नंबर पर रही। आप ने जो पांच सीटें जीतीं, इनमें से दो सीटों पर 2017 में बीजेपी, दो पर कांग्रेस और एक पर बीटीपी का कब्जा था। भाजपा के गढ़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृहराज्य में जाकर चुनाव लड़कर विजय पाना आसान नहीं है। यहां आप ने पांच सीट पर विजय पाई और 35 पर दूसरे नंबर पर रही। यह उसकी बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले वह पंजाब में सरकार बनाकर दिल्ली नगर निगम में बहुमत पाने में कामयाब रही।

अरविंद केजरीवाल ने अपने इरादे अभी तक जाहिर नहीं किए थे। वह कभी विपक्षी गठबधंन की बैठक में शामिल भी नहीं हुए। 2024 के चुनाव को देखते हुए कभी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एकता का प्रयास किया। तो कभी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने, पर कामयाबी नहीं मिली। क्योंकि हर दल का क्षत्रप अपने को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता रहा है। वह किसी दूसरे दल के नेता को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। जब भी कहीं चुनाव आते हैं, विपक्षी एकजुट होना शुरू हो जाते हैं।अब तक पिछले आठ साल में दर्जनों बार कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दलों ने एकजुटता के प्रयास किए किंतु यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे के आगे फीके ही रहे। कारण भी साफ रहा कि जो भी दल एकता के प्रयासों में भागीदार बनना चाहता है वह अपने नेता को संयुक्त विपक्ष के प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में देखना चाहता है। किसी दूसरे को नहीं। सबके अपने स्वार्थ होने के कारण ये एका आगे नहीं बढ़ पाती।

# पंजाब में आतंकी दुस्साहस एवं हिंसा का बेकाबू होना



पंजाब में हिंसा, आतंकवाद एवं नशे की बढ़ती घटनाएं चिन्ता का कारण बनती जा रही है। जबसे आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, हिंसा, हथियारों एवं नशे की उर्वरा भूमि बनकर पंजाब के जीवन की शांति पर कहर ढहा रही है। आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना न केवल पंजाब बल्कि पूरे राष्ट्र के लिये संकट का संकेत हैं। ऐसा ही एक ताजा संकेत तरनतारन के एक थाने में राकेट लांचर से हमला से मिला है, जिसे अतिवादी-आतंकी तत्वों के दुस्साहस का नया प्रमाण कहा जा सकता है। इस हमले ने कुछ माह पहले मोहाली में खुफिया विभाग के मुख्यालय पर हुए राकेट हमले की याद दिला दी। इस हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से यह मानकर की जा रही है कि यह आतंकी हमला है। प्रांत में लगातार सिर उठा रही आतंकवादी घटनाएं, नशे का बढ़ता प्रचलन एवं बन्दूक संस्कृति इस प्रांत के अशांत एवं अस्थिर होने की आधारभूमि कही जा सकती है।

पंजाब में इनदिनों हुई हिंसक घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले न सिर्फ बेकसूर लोगों की हत्याएं कर रहे हैं, बल्कि उनका दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि पुलिस थानों को भी निशाना बनाया जा रहा है। मई में ही पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या हुई थी। सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद यदि राज्य पुलिस इन गिरोहों पर लगाम कसती, तो शायद हालात इतने नहीं बिगड़ते। नवंबर में शिवसेना (टकसाली) नेता सुधीर सूरी और डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी प्रदीप सिंह के बाद 7 दिसंबर को एक कपड़ा व्यापारी की हत्या से स्पष्ट है कि पानी सिर से गुजरता जा रहा है। विपक्ष की आलोचनाओं से घिरने के बाद मान सरकार ने बंदूक संस्कृति व भड़काऊ गानों पर रोक लगाने के अलावा ऐसा कोई कड़ा कदम नहीं उठाया है, जो यह संकेत दे कि वह बढ़ती हिंसा को लेकर गंभीर है। वह सार्वजनिक रूप से हथियार लहराने और देशविरोधी बयान देने वालों पर अंकुश लगाने के लिए अपेक्षित कदम नहीं उठा रही है? यह भी अजीब बात है कि इस तरह की भनक मिलने के बाद भी सुरक्षा एजेंसियां न तो आतंकी तत्वों की टोह ले सकीं और न ही तरनतारन में उनके दुस्साहसी हमले को रोक सकीं कि वे फिर से किसी सरकारी इमारत को निशाना बना सकते हैं? यह निराशाजनक है कि जब पंजाब सरकार और उसकी पुलिस को अतिवादी-आतंकी तत्वों के दुस्साहस पर लगाम लगाने में सक्षम दिखना चाहिए, तब वह असहाय-निरुपाय सी दिख रही है। यह शुभ संकेत नहीं, बल्कि चिन्ता का बड़ा सबब है।

पंजाब अपने सीने पर लम्बे समय तक आतंकवाद को झेला है, हिंसा, हत्याओं एवं आपराधिक गिरोहों का इतिहास पुराना है और अब तो यह साफ हो गया है कि राज्य में जिस तरह के अपराध हो रहे हैं, उन्हें अंजाम देने वाले सरगना विदेशों में बैठे हैं। विदेश में बैठे इन गैंगस्टर्स के इशारों पर यह खतरनाक खेल चल रहा है, उनके तार पाकिस्तान से जुड़े होना भी चिंता बढ़ाता है। पाकिस्तान देश में अशांति के लगातार प्रयत्न कर रहा है, उसमें युद्ध लड़ने की क्षमता एवं साधन-सुविधाओं का अभाव है। वैसे भी अब युद्ध मैदानों में सैनिकों से नहीं, भीतरघात करके, निदोर्षों की हत्या कर लड़ा जाता है। सीने पर वार नहीं, पीठ में छुरा मारकर लड़ा जाता है। भारत को कमजोर करने के लिये पंजाब का आधार बनाकर यही सब किया जा रहा है। इसका मुकाबला हर स्तर पर हम राजनीतिक स्वार्थों से ऊपर उठकर, एक होकर और सजग रहकर ही कर सकते हैं। यह भी तय है कि बिना किसी की गद्दारी के ऐसा संभव नहीं होता है। पंजाब, कश्मीर में हम बराबर देख रहे हैं कि प्रलोभन देकर कितनों को गुमराह किया गया और किया जा रहा है। पर यह जो पंजाब में लगातार घटनाएं हुई हैं इसका विकराल रूप कई संकेत दे रहा है, उसके खतरनाक संकेतों को समझना है। कई सवाल खड़े कर रहा है, जिसका उत्तर सक्षमता से देना है। राज्य की विपक्षी पार्टियां आरोप लगा रही हैं कि भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद पंजाब में कानून-व्यवस्था की हालत बदतर हो गई है। तरनतारन के हमले के बाद शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने तो यह आरोप लगा दिया कि कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मान सरकार की विफलता के कारण राज्य में फिर आतंकवाद बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। एक बड़ी चिंता की बात यह भी है कि खालिस्तान का राग अलापने वाले तत्व निरंकुश दिख रहे हैं। वे खालिस्तान की खुली पैरवी करने के साथ सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने का काम भी षडयंत्रपूर्वक कर रहे हैं। इनका समर्थन जिस तरह कुछ राजनीतिक-सामाजिक संगठन कर रहे हैं और पुलिस सतर्कता का परिचय देने के बजाय ढुलमुल नजर आ रही है, उससे पंजाब में वैसा ही माहौल बनता दिख रहा है, जैसे जरनैल सिंह भिंडरांवाले के समय था, जब खालिस्तानी आतंकवाद चरम पर था। पंजाब में खालिस्तानी तत्वों, नशे के सौदागरों, सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने वालों के साथ गैंगस्टर भी बेलगाम दिख रहे हैं। पंजाब के ये हालात राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार के लिए भी चिंता का विषय बनने चाहिए। केवल यह कहने से काम चलने वाला नहीं है कि पंजाब में जो अप्रिय घटनाएं घट रही हैं, उनके पीछे विदेशी ताकतों का हाथ है। प्रश्न यह है कि इन ताकतों के जो एजेंट पंजाब में सक्रिय हैं, उन पर राज्य सरकार लगाम क्यों नहीं लगा पा रही है?

राज्य में तेजी से पनप रही बंदूक एवं नशे की संस्कृति चिन्ता का सबब बन रही है। निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं और अधिकांश लोग नशे में डूब रहे हैं। हथियारों का खुला प्रदर्शन, खूनखराबा आम बात हो गयी है। इस प्रकार यह हथियारों की शृंखला, नशे का नंगा नाच, अमानवीय कृत्य अनेक सवाल पैदा कर रहे हैं। आज करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में पंजाब के बदतर होते शांति एवं अमनचैन से जुडे.सवाल है। क्या हो गया है हमारे पंजाब को? पिछले लम्बे दौर से हिंसा रूप बदल-बदल कर अपना करतब दिखाती रही है- विनाश और निर्दोष लोगों की हत्या का। निदोर्षों को मारना कोई मुश्किल नहीं। कोई वीरता नहीं। पर निर्दोष जब मरते हैं तब पूरा देश घायल होता है। पंजाब की घायल अवस्था पर आम आदमी पार्टी सरकार को जागना होगा, कठोर कदम उठाने होंगे।

पंजाब सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता उन विद्रोही खूनी हाथों को खोजना होना चाहिए जो शांति एवं अमन के दुश्मन है। सरकार को इस काम में पूरी शक्ति और कौशल लगाना होगा। आदमखोरों की मांद तक जाना होगा। अन्यथा हमारी पंजाब की सारी खोजी एजेंसियों की काबिलीयत पर प्रश्नचिन्ह लग जाएगा कि कोई दो-चार व्यक्ति कभी भी पूरे प्रांत की शांति और जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर सकते हैं। कोई उद्योग, व्यापार ठप्प कर सकता है। कोई शासन प्रणाली को गूंगी बना सकता है। अब तो पाकिस्तान की ओर से यहां ड्रोन से भी हथियार गिराने की घटनाएं आम हो गई हैं। ऐसे में कड़ी सुरक्षा की जरूरत है। वैसे पंजाब में सीमाई इलाकों में सीमा सुरक्षा बल और सेना भी तैनात रहती ही है, लेकिन राज्य पुलिस की भूमिका कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। जाहिर है, हर स्तर पर पुलिस तंत्र को मजबूत, चौकन्ना बनाने की जरूरत है। पंजाब सरकार राजनीतिक स्वार्थों से ऊपर उठकर शांति एवं अमन कायम करना चाहिए, ज्यादा चुस्त-दुरुस्त एवं चौकन्ना रहना चाहिए।

# 'बेबी शॉवर फॉर माई क्यूटी...'

सुना है जितने अखबारनवीस हैं इनकी कुंडली में 'उल्लू' लिखा हुआ है, काम भले ही ये आदमी का करें लेकिन कुंडली में 'उल्लू' लिखा हुआ है। एक वरिष्ठ साथी ने बताया कि उन्हें एक रात स्वप्न में 'दिव्यज्ञान' की प्राप्ति हुई। उन्होंने देखा कि परमपिता परमेश्वर चित्रगुप्त के साथ बैठे हैं और पुण्य आत्माओं को कर्मों के हिसाब से भूलोक पर भेज रहे हैं। इसी दौरान भगवान से गलती हो जाती है और वे उल्लू की योनि में पुण्यआत्मा को भेजने की बजाए इंसान बनाकर भेज देते हैं। चित्रगुप्त कहते हैं, भगवान आपने गलती कर दी....इसे तो उल्लू बनना था, आपने इंसान बना दिया। भगवान बोले, चिंता मत करो....भले ही यह इंसान बन गया है लेकिन काम उल्लू का ही करेगा अर्थात रात को जगेगा और दिन में सोएगा। कहते हैं तभी से पत्रकारो को आभास रहता है कि कहीं ना कहीं वे उल्लू की जिंदगी जी रहे हैं। वैसे उल्लू इतना बुरा भी नहीं...। दिवाली पर लक्ष्मी उल्लू पर बिराजमान होकर ही आती है। बहरहाल, बात उल्लू या इंसान की ही नहीं....मुद्दा कुछ और है। कलियुग में इंसान रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है और जानवर मजे कर रहे हैं। देश-दुनिया की सूचनाएं बताती हैं कि जानवर तकदीर लिखा कर ला रहे हैं। मसलन, गीगू मुर्गी ब्रिटिश पब्लिशर माइल्स ब्लैकवेल की पालतू थी। उन्होंने अपनी वसीयत में इस मुर्गी के नाम पर 15 मिलियन डॉलर यानि कि करीब 1,11,23,96,250 रुपए की प्रॉपर्टी कर दी। आज ये गीगू बेहद शानोशौकत वाली जिंदगी जी रही है। इसी तरह काली बिल्ली ब्लैकी के पास 25 मिलियन डॉलर यानि करीब 1,85,43,50,000 रुपए की संपत्ति है। सैडी, सनी, लॉरेन, लैला और ल्यूक...ये सभी कुत्ते ओपरा विनफ्रे के पालतू हैं। उन्होंने अपनी वसीयत में इनके लिए 30 मिलियन डॉलर यानि करीब 2,22,64,05,000 रुपए की संपत्ति की है। टेलर स्विफ्ट की पालतू बिल्ली ओलिविया बेन्सन 97 मिलियन डॉलर यानि करीब 7,19,79,23,800 रुपए की मालकिन है। ये बिल्ली डाइट कोक और केड्स जूते समेत कई विज्ञापनों में भी दिख चुकी है। गंथर नाम का जर्मन शेफर्ड डॉग दुनिया में सबसे अमीर पालतू जानवर है। ये कुत्ता 375 मिलियन



डॉलर यानि करीब 27,79,95,00,000 रुपए की संपत्ति का मालिक है। इसके पास बहामास में एक विला और मियामी में एक हवेली भी है। राजस्थान में नागौर जिले में कबूतर करोड़पति हैं। जसनगर में कबूतरों के नाम पर 27 दुकानें, 126 बीघा जमीन और 30 लाख रुपए की एफडी, 470 गायों की गोशाला भी यहीं चलाते हैं। जालोर में एक मोटरकंपनी गाय के नाम से चल रही है। गाय एक करोड़ के बंगले में रहती है तथा उसकी सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरे तक लगे हैं। गाय का नाम राधा है। गाय की सेवा के लिए चार आदमी रखे गए हैं। गाय सिर्फ देशी घी के लड्डू खाती है। गुजरात के कुत्ते 70 करोड़ के मालिक हैं। गुजरात के मेहसाणा स्थित पंचोट गांव में 70 कुत्ते एक ट्रस्ट की देखरेख में रहते हैं और सब के सब करोड़पति हैं। गांव का नाम ही 'मध नी पती कुतरिया' पड़ गया है। आजकल...बेबी शॉवर फॉर माई क्यूटी... कैप्शन के साथ शेयर किए गए वीडियो की चर्चा है। वीडियो में नजर आ रहा है कि बेबी शॉवर के बाद महिला सड़क के कुत्ते के लिए थाली तैयार कर रही है और उसे ले जाकर कुत्तों को खिलाती है। गोदभराई की दावत सड़क के कुत्ते बड़े मजे लेकर खाते नजर आ रहे हैं। 20 नवंबर को इंस्टाग्राम पर साझा किए जाने के बाद से, वीडियो को 4.9 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है। लोग जमकर प्यार बरसा रहे हैं। अर्थात आदमी ठेला खींच रहा है और कुत्ते प्यार पा रहे हैं। महंगी गाड़ी में खूबसूरत बालाओं की गोद में कुत्तों को देख लड़के आह.. भरते हैं लेकिन वे बेचारे इसके अलावा और कर ही क्या सकते हैं। कभी-कभी तो पुराणों में कही बातो को लेकर भ्रम होने लगता है। बता दें कि पुराणों में उल्लेख मिलता है कि हरेक को उसके कर्मो के हिसाब से अगली जिंदगी में एश-ओ-आराम मिलते हैं। कुत्ते-बिल्ली-मुर्गी इत्यादि बन मौज कर रहे जानवरों ने ऐसा कौनसा भारी पुण्य कर दिया कि उन्हें जानवर बनने के बाद भी मौज मिल रही है। और आदमी ने ऐसा कौनसा गुनाह कर दिया कि वह इंसान बनने के बाद भी दर-ब-दर भटक रहा है...दो जून रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है। इस कायनात से इतर उस कायनात में कौनसा फामूर्ला चलता है, पता नहीं.....लेकिन जब भी 'पैसेवाले' जानवरों की बात चलती है तो कलेजा मुंह को आ जाता है। बावजूद इसके जानवर मस्त हैं....वे ना तो मुसलमान हैं...ना हिंदू और ना ही सिख या ईसाई....वे तो बस जानवर हैं जैसा ईश्वर ने उन्हें बनाकर भेजा। वे ना तो करोड़पति होने पर इतराते हैं और ना ही सत्ता हथियाने के लिए दौलत का गुरूर दिखाते हैं। कभी मौका भी मिलता है तो वे सड़क पर अपने बंधुवरों से ऐसे ही मिलते हैं जैसे रोज सड़क पर जिंदगी बसर कर रहे अन्य जानवर मिलते हैं। कहीं कोई दुराव नहीं...कहीं कोई मलाल नहीं....झूठ...मक्कारी..फरेब से दूर जानवरों का यही स्वभाव शायद भगवान को भाता है....इसीलिए जानवरों का भाग्य किन्ही मामलों में इंसानों से बेहतर बनाता है। जरूरत है मंत्र समझने की.....अन्यथा तो गिले-शिकवे करने के लिए पूरी जिंदगी पड़ी है...!

# आयुर्वेद स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गोवा में कहा कि आयुर्वेद केवल इलाज नहीं है बल्कि यह आरोग्य है, जो हमें जीना सिखाता है। मोदी ने कहा कि दुनिया ने विभिन्न उपचार शैलियों को आजमाया है और वह आयुर्वेद की प्राचीन पद्धति की ओर लौट रही है। उन्होंने कहा कि आयुष उद्योग सात गुना बढ़ा है और यह लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए का हो गया है। इससे कृषि क्षेत्र को लाभ होगा और रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा 30 से अधिक देशों ने आयुर्वेद को एक पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में मान्यता दी है। हमें अन्य देशों में भी आयुर्वेद को बढ़ावा देना है। वैश्विक बाजार आगे बढ़ रहा है और हमें औषधीय पौधे लगाकर लाभ उठाने का प्रयास करना चाहिए। बहुत सी अंग्रेजी दवाइयों के साथ आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा जैसी पद्धतियों में औषधीय पौधों का बहुतायत से प्रयोग हो रहा है। भारत सरकार के ऑल इण्डिया को-ऑर्डिनेटेड रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन एथ्नो-बायोलॉजी द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण में यह बताया गया है की लगभग 8 हजार पेड़-पौधे ऐसे हैं जिनका उपयोग औषधीय गुणों के लिए किया जाता है। आयुर्वेद में लगभग दो हजार, सिद्धा में लगभग एक हजार और यूनानी में लगभग 750 पौधें ऐसे है जिनका उपयोग विभिन्न दवाओं के निर्माण में किया जाता है। आज दुनिया में भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का डंका बज रहा है। विश्व के सभी देशों में आयुर्वेद पहुंच गया है। आयुर्वेद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि समग्र स्वास्थ्य के बारे में बात करता है। आयुर्वेद का जन्म लगभग पांच हजार वर्ष पहले भारत में हुआ था। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी आयुर्वेद को एक पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में स्वीकार किया गया है। आयुर्वेद प्राचीन भारतीय प्राकृतिक और समग्र वैद्य-शास्त्र चिकित्सा पद्धति है। संस्कृत भाषा में आयुर्वेद का अर्थ है जीवन का विज्ञान। आयुर्वेद के अनुसार व्यक्ति के शरीर में वात, पित्त और कफ जैसे तीनों मूल तत्त्वों के संतुलन से कोई भी बीमारी नहीं हो सकती, परंतु यदि इनका संतुलन बिगड़ता है, तो बीमारी शरीर पर हावी होने लगती है। अंग्रेजी दवाएं रोग से लड़ने के लिए डिजाइन की जाती हैं, वहीं आयुर्वेदिक औषधियां रोग के विरुद्ध शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती हैं ताकि आपका शरीर खुद उस रोग से लड़ सके। आयुर्वेद के अनुसार कोई भी शारीरिक रोग शरीर की मानसिक स्थिति, त्रिदोष या धातुओं का संतुलन बिगड़ने के कारण होती है। आयुर्वेद चिकित्सक मरीज की रोग प्रतिरोध क्षमता, जीवन शक्ति, पाचन शक्ति, दैनिक दिनचर्या, आहार संबंधी आदतों और यहां तक कि उसकी मानसिक स्थिति की जांच करके रोग निदान करते हैं। आयुर्वेद रोग को जड़ से खत्म करता है। हम कह सकते है आयुर्वेद स्वास्थ्य की देखभाल करने की कारगर प्रणाली है। चरक संहिता के अनुसार आयुर्वेद का उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी के विकारों को खत्म करना है। आयुर्वेद का अर्थ ही है आयु को जानने का संपूर्ण विज्ञान। आयुर्वेद सिर्फ एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। कोरोना संकट में प्रकृति और ऋषि मुनियों द्वारा अपनायी जाने वाली आयुर्वेद चिकित्सा ने हमारा ध्यान खिंचा है। कोरोना में सर्दी, जुकाम, खांसी, गले में खराश आम बात है। दादी नानी के आयुर्वेद नुस्खों ने इनका उपचार भी हमें बताया है। ये नुस्खे इतने ज्यादा कारगर हैं कि डॉक्टर और मेडिकल साइंस भी उन्हें मानने से मना नहीं करते हैं। हल्दी वाला दूध हो या नमक मिले गरम पानी के गरारे कोरोना के जुकाम और गले दर्द में दोनों ही कारगर इलाज है। अदरक को पानी में उबालकर और फिर शहद के साथ खाया जाए तो यह कफ, गले में खराश और गला खराब होने की दिक्कत से छुटकारा दिला सकती है। अदरक को शहद के साथ खाने से गले में होने वाली सूजन और जलन में भी राहत मिलती है। इसी भांति अजवायन, लौंग, काली मिर्च, तुलसी गिलोय, मलेठीयुक्त पान, शहद, दालचीनी आदि के नुस्खे भी संजीवनी साबित हुए है। आयुर्वेद और योग भारत द्वारा पूरे मानव समाज और पृथ्वी को दिया अनमोल उपहार है। आयुर्वेद प्राकृतिक एवं समग्र स्वास्थ्य की पुरातन भारतीय पद्धति है। यदि हमें प्रकृति को बचाना है तो पर्यावरण संरक्षण पर जोर देना होगा। औषधीय पेड़-पौधे लगाने होंगे। जिससे पर्यावरण दूषित होने से तो बचेगा ही, साथ ही आयुर्वेद का प्रसार भी होगा।

## मासिक कैलेण्डर बनाकर शिविरों के आयोजन कराने के निर्देश दिए

# अवैध खनन गतिविधियों और खनन सुरक्षा मापदण्डों की पालना में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं

जयपुर। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा है कि अवैध खनन गतिविधियों और खनन सुरक्षा मापदण्डों की पालना में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खनन श्रमिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सा सुविधा और जागरुकता हेतु मासिक कैलेण्डर बनाकर शिविरों के आयोजन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि खान विभाग व पुलिस द्वारा 21 जुलाई से चलाए जा रहे अभियान के दौरान दर्ज 1025 एफआईआर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिए दोनों विभागों के बीच समन्वय के लिए एसएमई जयपुर प्रताप मीणा को समन्वयक अधिकारी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि दर्ज एफआईआर पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करवाई जाएं। उन्होंने भूमाफियाओं द्वारा सरकारी कर्मचारियों व नागरिकों के साथ मारपीट व अन्य इसी तरह की कार्यवाही पर पुलिस द्वारा सख्ती से कार्यवाही करने को कहा ताकि असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसा जा सके। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल बुधवार को सचिवालय में माइंस विभाग के कार्यों और गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान निदेशक माइंस संदेश नायक व उपसचिव नीतू बारुपाल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, वहीं फील्ड के अधिकारियों से वर्चुअली संवाद कायम किया गया। डॉ. अग्रवाल ने अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ बड़ी मशीनरी की जब्ती व सख्त कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत



खनन श्रमिकों के स्वास्थ्य के प्रति अतिसंवेदनशील है और अवैध खनन गतिविधियों पर जीरो टोलरेंस की नीति पर चलने के निर्देश है। उन्होंने कहा कि खनन गतिविधियों की जड़ पर प्रहार करना होगा। राज्य सरकार अधिक से अधिक खनन ब्लॉक तैयार कर ऑक्शन को प्राथमिकता दे रही है ताकि राजस्व में बढ़ोतरी और अवैध गतिविधियों पर रोक लग सके। डॉ.अग्रवाल ने बताया कि 21 जुलाई से 7 दिसंबर तक 407 कार्यवही में 3406 प्रकरण दर्ज कर 110 बड़ी मशीनो व 3453 वाहन जब्ती की कार्यवाही की जा चुकी है। कार्यवाही के दौरान 20 करोड़ रु. से अधिक का जुमार्ना वसूला जा चुका है। उन्होंने कहा कि खनन श्रमिकों में सिलिकोसिस की बीमारी को लेकर मुख्यमंत्री गहलोत अति गंभीर है, ?से में फील्ड अधिकारी खनन स्थलों का नियमित दौरा कर खनन गतिविधियों में आवश्यक सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित कराएंगे वहीं चिकित्सा शिविरों का आयोजन और पीडितों के ईलाज की मोनेटरिंग करेंगे। उन्होंने विभिन्न न्यायालयों आदि में वसूली से संबंधित प्रकरणों में कारगर तरीके से सरकार का पक्ष रखने को कहा। निदेशक माइंस संदेश नायक ने बताया कि विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान 1020 माइनिंग लीज व क्वारी लीजों का निरीक्षण किया गया जिसमें से 1018 में सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करवाई गई वहीं चिकित्सा सुविधाओं के संदर्भ में 18 लीजधारकों को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 9 हजार से अधिक डस्ट मास्क व 1460 सुरक्षा उपकरणों का वितरण करवाया गया है। नायक ने बताया कि बजट घोषणाओं, मुख्यमंत्री अनाउंसमेंट, निर्देश और संपर्क पोर्टल सहित वीवीआईपी वीआईपी रेफरेंस प्रकरणों पर समयवद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तरीय मोनेटरिंग सिस्टम की तरह ही मुख्यालय स्तर पर भी मोनेटरिंग व्यवस्था को चाकचोबंद किया जा रहा है। उप सचिव नीतूबारुपाल ने विधान सभा प्रश्नों आश्वासनों आदि का शीघ्र उत्तर तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिए।

## सोलर सिंचाई पम्पों से खेतों में छायी हरियाली, आसान हुई सिंचाई

**करन सोनी**

आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे जिले के किसान, अब वर्षभर हो रही खेती



कोरिया 14 दिसम्बर 2022/सौर सुजला योजना से आज जिले के दुर्गम क्षेत्रों तक भी किसानों के खेतों में फसल लहलहा रही है। जिले में छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग द्वारा प्राप्त सोलर पम्पों से सिंचाई आसान हुई है। विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 6 फेस में कुल 2,432 सोलर सिंचाई पम्प लगाए गए हैं ।विकासखण्ड सोनहत के ग्राम सलगवां के किसान सुखराज बताते हैं कि उनके पास 1.5 एकड़ कृषि योग्य भूमि है, पहले वे सीजन में ही मक्का, सरसों जैसी फसल लगा पाते थे, क्योंकि नल तथा वर्षाजल के माध्यम से पर्याप्त सिंचाई नहीं हो पाती थी, लेकिन वर्ष 2020 में 3 एचपी का सोलर पम्प लग जाने से अब पूरे वर्ष खेतों में हरियाली रहती है, जिससे वे बहुत खुश हैं। इसी तरह 1.97 एकड़ में धान, गेंहू, चना तथा सब्जी की खेती कर रहे ग्राम कैलाशपुर के रामकुमार बताते हैं कि सोलर पम्प लगने से पहले खेतों में केवल धान ही लगा पाते थे, अब अच्छी खेती से लाभ भी अच्छा हो रहा है। इसी प्रकार गांव के ही किसान इंद्रपाल सोलर पम्प से सिंचाई में हुए लाभ को बताते हुए कहते हैं कि पहले पानी की कमी के कारण पूरे खेत में सब्जियां लगाना मुश्किल था, लेकिन अब पूरे 1.5 एकड़ में सब्जियां लग रहीं हैं, जिससे पूरा परिवार बहुत खुश है।

## सीएम बघेल के ह्यउड़न खटोलाह्न पर तकनीकी ब्रेक ! अब तक नहीं बना हेलीकॉप्टर

मरूधर विशेष

**राकेश कुमार बंसल छत्तीसगढ़**



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी अब तक ठीक नहीं की जा सकी है. इंजीनियर लगे हुए हैं. बीते सोमवार को निजी दौरे पर सीएम बिलासपुर आए थे. लौटते वक्त हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आई थी.सीएम बघेल हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने में तकनीकी खराबी आने की वजह से सड़क मार्ग होते हुए रायपुर रवाना हुए थे. सकरी स्थित जैन इंटरनेशनल स्कूल से रायपुर के लिए हेलीकॉप्टर को उड़ान भरना था, लेकिन नहीं भर सके.बता दें कि हेलीकॉप्टर अब तक जैन इंटरनेशनल स्कूल में खड़ी है. हेलीकॉप्टर को ठीक करने में इंजीनियर जुटे हुए हैं.सीएम के वापस हेलीपैड आने के पहले ही पायलट ने इसकी जानकारी सीएम सिक्योरिटी को दी थी, तब अफसरों ने रिस्क लेने के बजाए सीएम को सड़क मार्ग से जाने का फैसला लिया. इसके बाद सीएम बघेल का काफिला सड़क मार्ग से ही रायपुर के लिए रवाना हो गया. इस दौरान पुलिसकर्मी उसकी सुरक्षा में देर शाम से पूरी रात तैनात रहे.

## तीन दिवसीय टी. एल. एम. प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



डीह : पूर्व प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत टी. एल. एम. निर्माण कार्यशाला का प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र डीह में आज संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में प्रत्येक विद्यालय से एक नोडल शिक्षक ने प्रतिभाग किया, तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यशाला में दो बैचों में कुल 85 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षक कृष्ण कुमार शुक्ला, अमित गोपाल गौड़, विशाल श्रीवास्तव, लिप्सा बारिक, धर्मेंद्र, अवनीश कुमार व सुरेन्द्र मौर्या ने सभी प्रतिभागियों को टी. एल. एम. निर्माण की विभिन्न तकनीकियों से परिचित कराया साथ ही पपेट शो का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सत्यप्रकाश ने शिक्षकों द्वारा निर्मित किये गए शिक्षण सहायक सामग्री का अवलोकन किया।इस मौके पर ए. आर. पी. रंजीत कुमार, नुपूर त्रिपाठी, पवन मिश्रा, महेश पाण्डेय व हरिकेश मिश्रा, सत्यानंद मिश्रा, आदि लोग उपस्थित रहे

## विप्र फाउंडेशन की बैठक में श्री परशुराम भगवान की रथ यात्रा निकालने की तैयारी को लेकर हुई चर्चा

**मरुधर विशेष /दिनेश लेखी**



कठूमर। विप्र फाउंडेशन की बैठक धौलागढ में श्री परशुराम भगवान की रथ यात्रा निकालने की तैयारी के अलावा जिम्मेदारियो को लेकर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया 21 दिसम्बर को परशुराम रथ यात्रा कठूमर में और सांय 4 बजे खेरली प्रस्थान करेगी। इस मौके पर धर्मेंद्र शर्मा, विकास तिवाड़ी पंकज शर्मा, पीयूष जडला उपस्थित हुए कठूमर से ब्लाक अध्यक्ष नरेश जैमन, कपिल पंडा, पंचायत समिति सदस्य जयप्रकाश पिंकू, नरेश शर्मा खेड़ामेडा, अरविन्द अवस्थी, सतीश जैमन, सुरेश जेमन, कैलाश नूरपुर, गोबिंद शर्मा, राधे पंडित, सोनी सोती मौजूद रहे।

## एसडीएम चन्द्रशेखर भण्डारी ने तहसील सभागार कुशलगढ़ में मतदाताओं के नाम शतप्रतिशत जोड़ने हेतु निर्देश दिये

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**



कुशलगढ़ दिनांक 14 दिसंबर 2022 उपखंड अधिकारी कार्यालय कुशलगढ़ में मतदाताओं के नाम शतप्रतिशत जोड़ने हेतु निर्देश दिये गये।मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत कुशलगढ़ निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम चन्द्रशेखर भण्डारी ने तहसील सभागार कुशलगढ़ में आयोजित बैठक में यूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों को अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया। 40 प्रतिशत से कम कार्य करने वाले बीएलओ को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार मतदाताओं को घर-घर जाकर नाम जोड़ने के निर्देश दिये एवं अपना लक्ष्य 100 प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिये गये कम प्रगति वाले दो पीएलओ को नोटिस जारी किये गये। बैठक में डीएसई एवं पीएसई के बारे में बीएलओ को विस्तार से बताया गया एवं डीएसई एवं पीएसई का समय पर निस्तारण करने के लिए सभी बीएलओ को पाबंद किया गया। बैठक में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी विरेन्द्र सिंह राठौड़ कुशलगढ़ एवं प्रेमचन्द, नायब तहसीलदार हरिश सोनी उपस्थित रहे।

## फायरिंग मामले में फरार व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



बानसूर - उपखंड के हरसोरा थाना पुलिस ने सरपंच पति पर फायरिंग मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 19 अगस्त 2021 को सरपंच के पति पर फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने के मामले में आरोपी करीब 5 माह से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी ताराचंद शर्मा ने बताया कि 19 अगस्त 2021को आरोपी महिपाल, राजेश बागड़ी, मोहरसिंह व अन्य ने ग्राम पंचायत हाजीपुर की सरपंच के पति विक्रम गुर्जर पर फायरिंग कर जानलेवा हमला कर फरार हो गए थे। वह करीब 5 माह से फरार चल रहे आरोपी संदीप उर्फ मूलाराम पुत्र जयराम जाट निवासी बागावास थाना भाबरु जिला जयपुर को कोटपूतली जेल से प्रोडक्शन वारंट के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिपाल, मोहर सिंह व अन्य साथियों को हथियार और वाहन के साथ पहले गिरफ्तार कर लिया था।

# दलित अधिकार केन्द्र के 6 सदस्यीय जांच दल पहुँचा गाँव जिलोता

**मरुधर विशेष दिनेश लेखी**



कठूमर। दलित अधिकार केन्द्र के 6 सदस्यीय जांच दल द्वारा पुलिस थाना खैरथल, भिवाड़ी, जिला अलवर के अन्तर्गत गाँव जिलोता में पहुंचकर दलित युवती के साथ छेड़छाड़ करने व पीड़ित परिवार को भरी पंचायत में पंच पटेलों व समाज की मौजूदगी में मारपीट कर धमकी देने के मामले में पीड़ितों, पीड़ित परिवार तथा गवाहों के बयान दर्ज कर दस्तावेजों का संकलन किया गया। केन्द्र के जिला समन्वयक शैलेष गौतम ने बताया कि आरोपीगण दबंग समुदाय के व्यक्ति हैं। आरोपियों की राजनीतिक अच्छी पहुंच होने के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद है। दलित युवती के साथ छेड़छाड़ करने के बावजूद भी आरोपियों ने पंचायत के दौरान पंच पटेलों व समाज की मौजूदगी में पीड़िता के पिता और भाइयों पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया जिसमें पीड़िता के बड़े भाई को चोटे आई है।उक्त घटना की दिनांक 10 दिसम्बर 2022 को पुलिस थाना खैरथल में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज हो जाने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया और ना ही घटना में इस्तेमाल किए गए हथियारों को जप्त किया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त घटना में गम्भीर लापरवाही बरती जा रही है। घटना की गम्भीरता को देखते हुए दलित अधिकार केन्द्र के जांच दल ने घटना में सम्मिलित सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने, घटना में इस्तेमाल किए गए हथियारों को जप्त करने, 60 दिवस के भीतर सम्बंधित न्यायालय में आरोप पत्र फाइल करने, अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत आर्थिक सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध करवाने, पीड़ित व पीड़ित परिवार को धमकी देने तथा राजीनामा का दबाव देने वाले आरोपियों के खिलाफ अलग से मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने, पीड़ित परिवार को पुलिस सुरक्षा प्रदान करने, समस्त प्रकरण की जांच करते समय वीडियोग्राफी कर अभिलिखित करने, अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा आईपीसी के तहत सही धाराओं को सम्मिलित करने, पीड़िता के न्यायालय में 164 के बयान शीघ्र दर्ज करवाने, एससी एसटी एक्ट के अन्तर्गत पीड़िता, पीड़ित परिवार तथा गवाहों के अधिकार सुनिश्चित करने तथा मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने आदि की प्रशासन से मांगे की है। जांच दल में केन्द्र के जिला समन्वयक शैलेष गौतम, पूजा वर्मा, एडवोकेट प्रकाश चन्द सागर, सामाजिक कार्यकर्ता श्यामलाल जाजोरिया, महावीर प्रसाद व सन्तराम सम्मिलित रहे।

# आत्महत्या : जिम्मेदार कौन ?

**राम शर्मा कर्मवीर**

> तेरे जन्म पर बांटी मैंने मिठाई खुशियों की , पर क्या पता तू मुझे यूँ अकेला छोड़ जाएगा ।₹ ये आवाज है .... उस बाप की जब उसको उसके बेटे के हॉस्टल से फोन जाता है कि आपका बेटा अब इस दुनिया मे नहीं रहा । क्या गुजरती होगी उस परिवार पर जिसने अपना बेटा , एक भाई , एक भतीजा खो दिया । वो माँ जिसने दुनिया के सारे दुःख, दर्द सहन कर उसको पाला, उसको पाने के लिए कितने दरो पर मिन्नतें की पर अब वो एक ही आवाज दे रही है बेटा ! तुझे क्या हुआ , मेरे लाल लौट के आजा , तूने ऐसा क्यूँ किया ।

तेरे जन्म पर बांटी मैंने मिठाई खुशियों की , पर क्या पता तू मुझे यूँ अकेला छोड़ जाएगा ।₹ ये आवाज है .... उस बाप की जब उसको उसके बेटे के हॉस्टल से फोन जाता है कि आपका बेटा अब इस दुनिया मे नहीं रहा । क्या गुजरती होगी उस परिवार पर जिसने अपना बेटा , एक भाई , एक भतीजा खो दिया । वो माँ जिसने दुनिया के सारे दुःख, दर्द सहन कर उसको पाला, उसको पाने के लिए कितने दरो पर मिन्नतें की पर अब वो एक ही आवाज दे रही है बेटा ! तुझे क्या हुआ , मेरे लाल लौट के आजा , तूने ऐसा क्यूँ किया । बस और जोर -जोर से हृदय विदारक चित्कार.........। कुछ ऐसी ही घटना घटी है शिक्षा नगरी कोटा में जहाँ ठएएळ की तैयारी करने वाले महज 17 साल के 3 बच्चों ने आत्म हत्या कर ली और भरतपुर में टइइर कर रहे अंतिम वर्ष के एक छात्र ने भी आत्म हत्या की । क्यूँ हमारा समाज कैरियर को जीवन से बढ़कर मानता है ? क्या एक ठएएळ ही जीवन है,क्या डॉक्टर बनाना ही जीवन है । अगर वो उपलब्धि नहीं मिली तो जीवन को खत्म करना कौनसी महानता है ? वो कच्ची उम्र के बच्चे जो अपने बचपन को भी किताबों के बोझ के नीचे दबा देते हैं ।अपने सपनो की खातिर अपनी उम्र से भी पहले पक जाते हैं । लेकिन परिणाम में मिलती है - ₹ आत्म हत्या ₹ अगर ऐसे ही बच्चों पर उनका भविष्य लादते रहेंगे तो समाज में पत्थर ही मिलेंगे बच्चे नहीं । बच्चों को भविष्य के प्रति जागरूक करना अच्छी बात है पर भविष्य का दबाब बनाना सही नहीं । मै सभी माता - पिता , अभिभावको एवम् समाज के सभी लोगों से यही निवेदन करना चाहता हूँ कि आप बच्चों को खुले आसमान ( कैरियर) में खूब उड़ने दे पर गिरे (असफल हो ) तो उसकी ऊँगली पकड़कर फिर कहे ₹ अछछ क्र हएछछ ₹ ये शब्द सुनकर वो फिर उड़ने के लिए उठ खड़ा होगा । अपने बच्चे से बातें करें , मित्रवत व्यवहार करें , और उसका रुझान अध्यात्म की तरफ करें । जिससे वो डिप्रेशन जैसे मनोरोग का शिकार ना हो । आपकी यह पहल देश की एक नवीन संसाधन की क्षति को रोक सकती है । ₹कैरियर से भी बढ़कर एक अमूल्य सम्पति है - जीवन ।

# कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ जनता में आक्रोश,अबकी बार बनेगी भाजपा की सरकार-हमीद खॉन मेवाती

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**




कामां-राजस्थान की कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती के नेतृत्व में बुधवार को गोपालगढ़ थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 17 गांवो में पहुंची गांव गांव में लोगों द्वारा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया जनाक्रोश यात्रा के दौरान आयोजित चौपालों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक समशुल हसन व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार के खिलाफ लोगों में आक्रोश व्याप्त है देश में सबसे महंगी दरों पर बिजली राजस्थान में मिल रही है किसान परेशान हैं रबी की फसल के सीजन में लोगों को सिंचाई के लिए बिजली नहीं मिल रही है अस्पतालों में डॉक्टर नहीं है स्कूलों में मास्टर नहीं है राजस्थान में सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री होते हुए भी जाहिदा खान अपने विभाग के अंतर्गत आने वाली स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्ति नहीं कर पा रहे हैं शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है सभी विभागों व थानों में भ्रष्टाचार व्याप्त है जो विधायक जाहिदा खॉन के खिलाफ बोलने की हिम्मत करता है उसके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करा दिए जाते हैं उन्हें थानों में बंद करवा दिया जाता है जहां तक विकास का सवाल है क्षेत्र में तो कहीं विकास नजर नहीं आ रहा लेकिन इनके परिवार का जरूर विकास हुआ है जाहिदा खान ने अपने पुत्र को पार्टी पंचायत समिति व पुत्री को कामां पंचायत समिति का प्रधान बना दिया है समशुल हसन ने कहा कि जाहिदा खान किसी अल्पसंख्यक नेता को पनपने ही नहीं देना चाहती अबकी बार राजस्थान की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता मे आक्रोश है जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकेगी और भाजपा की सरकार बनाएगी शनिवार को जनाक्रोश यात्रा मे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कामा जनाक्रोश यात्रा प्रभारी सोहनलाल सुलानिया, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष याकूब खान, जिला महामंत्री अफजल सबलाना व डा दीना लहसर,आरिफ कमाल धीमरी ,भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष प्रदीप गोयल,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष साकिर अली, पहाड़ी महिला अध्यक्ष रचना, नूरानी खान, कोमल शर्मा, शौकत लाडमका सहित हजारों लोग मौजूद थे

# मुंडावर में नहर आने तक जारी रहेगा संघर्ष .... रोहिताश चौधरी

**मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी**



मुंडावर । राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में पूर्व प्रधान रोहिताश चौधरी के नेतृत्व में नहर लाने के लिए चल रही पदयात्रा बुधवार को गांव बेहरोज, नांगल सिंघलका, खानपुर मेवन, खरेटा, सुहेटा पहुंची। गांव बेहरोज में गांव की सीमा पर प्रकाश मेघवाल, ललित उपसरपंच, राहुल शर्मा, रवि कुमार व उनकी टीम ने डीजे बजा कर पदयात्रियों का आगवानी कर चौपाल पर लाकर किसानों ने पारम्परिक रूप से साफा मालाओं से स्वागत किया।रोहिताश चौधरी अजीत यादव ,अखिलेश कौशिक, रामावतार चौधरी, बाबूलाल हुड् मुंडावर में नहर लाने के लिए 2 अक्तूबर से शुरू की गई पदयात्रा प्रत्येक गांव, ढाणी से होकर 1084 किलोमीटर चलकर सुरंग पर आखरी मीटिंग में बोलते हुए मुंडावर में गिरते भू जल से किसानों की बंजर होती जमीन और किसानों का खेती किसानी से पलायन से सुनसान होते गांव की समस्या पर गहरी चिंता जताते हुए पदयात्रा को मिले समर्थन, सहयोग और स्नेह की सराहना की । और घोषणा की कि जब तक नहर नहीं आयेगी हम चुप नहीं बैठेंगे। आगे नई रणनीति के साथ किसानों के बीच जाकर नहर की मुहिम को मजबूती देंगे। और कहा की किसानों के कुएं, बोरिंग सुख जाने के कारण फसल बरबाद हो रही है और कुछ किसान इधर उधर से पानी टैंकर से लाकर अपनी फसल पर छिड़काव कर अपनी गाढ़ी कमाई खर्च कर रहे है। फिर भी फसल बर्बाद होती जा रही है। हम किसानों को ऐसे बर्बाद नहीं होने देंगे। इस मौके पर कविता यादव, यादवेंद्र शर्मा,पृथ्वी सिंह चौहान, करतार सरपंच, रामावतार उप सरपंच,कारण, जीतराम, निहाल सिंह, महावीर जिंदल,गोकल लंबरदार, दीना खा, हाजी राजू खटीक, चेतराम, योगेश पासवान ,मोहित जिंदल, दिनेश शर्मा, अंकित ,रमेश सैन, ताहिर खान, बाबूलाल यादव, कमल, यादराम पंच, मोना शर्मा,राहुल , तेजपाल जिंदल आदि मौजूद रहे।

## जयपुर लघु उद्योग द्वारा महिलाओं के प्रोत्साहन के लिए शॉपिंग कार्निवल

**मरूधर विशेष/विनोद शर्मा**



लघु उद्योग संस्था के साथ सेन्ट्रल बाजार व वोमार्ट द्वारा महिलाओं के प्रोत्साहन के लिए 3 दिन 23,24,25 दिसंबर को शॉपिंग कार्निवाल आयोजित किया जाएगा जिसके पोस्टर का विमोचन आज विधायक नरपत सिंह राजवी द्वारा उनके निवास पर किया गया ! विमोचन में समाजसेवी महेंद्र गोयल, लघु उद्योग के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, वोमार्ट से दिव्या शर्मा साबू , सेन्ट्रल बाजार से सुमन अग्रवाल ,निर्मल गुप्ता, विपिन मित्तल, प्रमोद अग्रवाल वगैरह मौजूद रहे !वोमार्ट की डायरेक्टर दिव्या शर्मा साबू ने बताया की लघु कुटीर उद्योगों में जो महिलाएं कार्यरत है। उनको प्रोत्साहन मीले और नए रोजगार बाजार में आगमन हो।

## मूलभूत सुविधाओं का मोहताज है बल्लूवास स्कूल

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**



मुंडावर। उपखंड के ग्राम बल्लूवास स्कूल जो मुंडावर क्षेत्र का जाना माना स्कूल है जो लगातार परीक्षा परिणाम व खेल कूद प्रतियोगिता में और छात्र संख्या ने लगातार अपनी पहचान बना रखी है । लगातार शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाला 350 से अधिक छात्र संख्या रखने व खेल कूद में राज्य स्तर तक पहचान रखने और मुंडावर का यह विद्यालय में गत छः माह से एक उप प्रधानाचार्य ,व्याख्याता हिंदी ,शरीक याता राजनेतिक विज्ञान,व्यखायता हिंदी के साथ ही लेवल 2 हिंदी ,लेवल 1 सहित सहायक कर्मचारी के पद कई वर्षो से रिक्त चल रहे हैं । वही विद्यालय में गत दिनों से पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है । जिसके कारण छात्र के सामने भारी समस्या बनी हुई है । और विद्यालय कर्मचारियों की कमी के चलते स्कूल में भरी अव्यवस्था बनी हुई हैं । तथा लगातार सफाई के अभाव कारण शौचालय में बदबू फेल रही है जिसके कारण शौचालय के आस पास रुकना दुभर हो रहा है विद्यालय की समस्या को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है । लेकिन समस्या पर कोई समाधान नहीं हो रहा है ।

## कठूमर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जन आक्रोश यात्रा का हुआ समापन

**मरुधर विशेष दिनेश लेखी**



कठूमर । राजस्थान प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर कठूमर विधानसभा में 10 दिन जनाक्रोश यात्रा का मंगलवार को समापन हो गया। यात्रा के विधानसभा संयोजक ओमवीर सिंह फौजदार ने बताया कि 4 दिसंबर से कठूमर के हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर जन आक्रोश यात्रा कठूमर विधानसभा की सभी ग्राम पंचायतों में होकर कुल 100 गांवों में यात्रा निकाली गई।जिसका समापन 13 दिसंबर को खेड़ली नगर पालिका में पैदल रथ यात्रा निकालकर समापन किया गया।जनाक्रोश यात्रा के दौरान क्षेत्र की जनता में कांग्रेस सरकार के विरुद्ध भारी आक्रोश देखा गया। किसानों ने एक स्वर में चुनाव से पूर्व किसान कर्ज माफी की घोषणा के बाद भी बीते 4 साल में कर्ज माफ नहीं करने पर सरकार की ओर से वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया।वही यात्रा में जिला एवं प्रदेश से प्रतिदिन बड़े नेताओं का आना कार्यकताओं में जोश बढ़ाने का कार्य किया। पूरी यात्रा में 100 से 125 कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि साथ रहे। विधानसभा संयोजक द्वारा यात्रा के सहयोगी पूर्व मंत्री मंगल राम कोली, पूर्व विधायक रमेश खींची, मुन्नी देवी खोखर, राजेश जाटव के साथ सभी कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधि सहयोग के लिए आभार प्रकट किया गया।

## नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष राहुल चौधरी में मुख्य सलाहकार लाखन सिंह मीणा का हुआ स्वागत सम्मान

**मरुधर विशेष दिनेश लेखी**



कठूमर । जिला मुख्यालय पर 13 दिसंबर को राजस्थान पटवार संघ जिला अलवर कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए कठूमर तहसील से जिला उपाध्यक्ष पद पर राहुल चौधरी निर्वाचित हुए तथा लाखन सिंह मीणा को मुख्य सलाहकार मनोनीत किया गया।इस अवसर पर तहसील मुख्यालय कठूमर के समस्त राजस्व परिवार द्वारा दोनों सदस्यों का तहसील पहुंचने पर साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान तहसीलदार राजेश मीणा, नायब तहसीलदार लक्ष्मण गुप्ता, कानूनगो संघ के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, पटवार संघ के अध्यक्ष उत्तम कुमार चौधरी, बलराम मीणा कानूनगो ,सुरजीत चौधरी, मनोज चौधरी ,अंशु चौधरी, कौशल सक्सेना, दिलीप, विक्रम सिंह ,ऋषि पटवारी सहित समस्त गिरदावर पटवारी उपस्थित रहे।

## जीएसटी पर जनपद बंद अभी नहीं:-इंदु सिंह

**जौनपुर से मदन लाल अग्रहरि की रिपोर्ट**



जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं

व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदु ने कहा है कि जीएसटी विभाग द्वारा सर्वे छापे के नाम पर व्यापारिक उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस कार्यवाही पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है ।जिलाध्यक्ष इंदू सिंह ने आगे कहा कि इस संबंध में जौनपुर बंद का आवाहन अभी नहीं किया जाएगा। आने वाले रविवार 18 दिसंबर को लखनऊ में प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में आगामी रणनीति तय की जाएगी। प्रांतीय नेतृत्व इस बात का संज्ञान लेकर संबंधित विषय पर माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार, माननीय वित्त मंत्री भारत सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करा दिया है ।किसी भी तरह का बंद का आवाह्न हमारे व्यापार मंडल ने नही किया है।

इस आशय की सूचना ज़िला महामंत्री आरिफ हबीब ने दी है।

## कामां जिला बनाओ धरना 31 वे दिन जारी

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**




कामां-कामां को जिला बनाने के लिए लाल दरवाजे पर चल रहा अनिश्चितकालीन सांकेतिक धरना बुधवार को 31वें दिन भी जारी रहा जिला बनाओ संघर्ष समिति के डॉ रविंद्र तरगोतरा ने बताया कि बुधवार को कामां के सैन समाज ने पुरुषोत्तम सेन के नेतृत्व में धरना स्थल पहुंचकर जिला बनाओ आंदोलन को अपना समर्थन दिया धरने को संबोधित करते हुए सेन समाज के लोगों ने कहां कि कामा जिला बनने के सरकार द्वारा जारी किए गए सभी मापदंड में खरा उतरता है । हरियाणा राजस्थान की सीमा से लगी हुई है अगर कामां जिला बनता है तो यहां पर पर्यटन, रोजगार एवं अन्य संसाधनों की वृद्धि के साथ-साथ अपराध पर भी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। कामा में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ा स्थली के साथ-साथ धार्मिक एवम पौराणिक नगरी है। राज्य सरकार को कामां को जिला बनाने के लिए प्राथमिकता देनी चाहिए। धरने में द्वारका प्रसाद,ओम प्रकाश,विष्णु, जीतन, मुकेश, पूर्व अध्यक्ष गोविंद प्रसाद घनश्याम सेन,नानक,छंगा राम,चतर, कपली,मनोज कुमार महावीर,कन्हैया लाल सहित सैकड़ों की संख्या में सैन समाज के लोग मौजूद रहे।

## जिला पुरूषार्थी समाज अलवर के होने वाले चुनाव के प्रत्याशी कुलदीप कालरा के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्धघाटन

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**



आगामी 25 दिसंबर 2022 को पुरुषार्थी समिति जिला अलवर के चुनाव होने जा रहे है जिसमे समिति का नया अध्यक्ष का चुना जायेगा।पुरुषार्थी समिति जिला अलवर के आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद प्रत्याशी कुलदीप कालरा ने आज अपने चुनाव कार्यालय का होटल बेलमंड में शुभारंभ किया।चुनाव कार्यालय का उद्‌घाटन धार्मिक अनुष्ठान के साथ संत श्री चेतना पूरी जी महाराज कुटिया स्कीम नम्बर 2 के कर कमलों द्वारा किया गया।समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने कुलदीप कालरा का समर्थन करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। समाज के युवाओं ने उत्साह दिखाते हुए कुलदीप कालरा के समर्थन में जोश से नारे लगाए। इस अवसर पर पूरे अलवर जिले से सैकड़ों की संख्या में पुरुषार्थी समाज के लोग कुलदीप कालरा को समर्थन देने पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दी। कुलदीप कालरा का कहना है कि वरिष्ठों के मार्गदर्शन और युवा ऊर्जा के साथ सभी मिलकर पुरुषार्थी समाज की बेहतरी के लिए बहुत से नवाचार, सकारात्मक कार्य करेंगे और समाज प्रगति के नए आयामों को छूएगा।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश अरोड़ा हरगोविंद मेंदीरत्ता महेंद्र तनेजा दौलतराम हजरती भगवानदास लीलाधर कथरिया सुदेश खामरा राजेश सेतिया कैलाश अरोड़ा हरि किशन खत्री जोगिंदर सिंह कोचर विशाल गांधी ध्यान सिंह डॉ प्रदीप अजय अरोड़ा सौरभ कालड़ा धर्मेंद्र धवन राजेश मक्कड मनीष दुरेजा सुदर्शन अरोड़ा श्याम लाल खत्री कृष्ण मुरारी छाबड़ा हरि नारायण मुखीजा जगदीश मदान जयराज मेहंदीरता राजेंद्र छत्रपाल सहित ग्रामीण सदस्य शालीमार शिवाजी पार्क व शहर भर के पुरुषार्थी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आशीर्वाद दिया व बड़ी संख्या में पुरूषार्थी समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शहर में होने वाली पदयात्रा को लेकर आमजन में भारी उत्साहः-जूली

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**



अलवर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा देश के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने के लिए अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश में बन रहे हालातों के बीच यह यात्रा राजनीति की एक नई दिशा तय करेगी। मंत्री जूली बुधवार को अलवर शहर के अशोक सर्किल से प्रचार रथों को हरी झंडी एवं अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में आयोजित चौपाल पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 19 दिसम्बर को अलवर में प्रवेश करने वाली राहुल की यात्रा का स्वागत करने के लिए 40 से अधिक सामाजिक, व्यापारिक, एवं संगठन जुटे हुए है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के मालाखेडा में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक जनसभा एवं शहर में होने वाली पदयात्रा को लेकर आमजन में भारी उत्साह है। मंत्री जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कटोरीवाला तिबारा, छठीमील, चिरखाना, चिकानी, जटियाना, कस्बा डहरा एवं चांदोली में जनसम्पर्क कर राहुल के स्वागत के लिए ग्रामीणों को पीले चावल बांटे।

**मदरसे में नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन**

केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने छठी मील स्थित मदरसे में विधायक कोष एवं जनसहयोग से बने नवनिर्मित भवनों का विधिवत फिता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकार की दिशा में किए गए ऐसे पुनीत कार्यों से आने वाली पीढ़ी को फायदा मिलेगा वही समाज को एक नया संदेश मिलेगा।

**जूली ने रोजगार मेले का किया उद्घाटन**

रोजगार विभाग की ओर से चिकानी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोजगार शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीकाराम जूली ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार सरकारी व निजी क्षेत्र में युवाओं को निरंतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रही है। कुछ दिन पहले ही उमरैण में रोजगार शिविर आयोजित किया गया था जिसमें सैकडों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कंपनियों के अधिकारियों से कहा कि स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार देकर उनके भविष्य को सुनिर्श्चित किया जाये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, प्रधान दौलतराम जाटव, वीरमती, पूर्व सभापति मुकेश सारवान, कमलेश सैनी, प्रकाश गंगावत, श्वेता सैनी, सदर शेर मोहम्मद, जोगेन्द्र कोचर, हीरेन्द्र शर्मा, मौलाना उमर, हाजी गफूर, हाजी फौजू, हाजी लाड खान, हाजी सक्की, अब्दुल प्रधान, राहुल खान, आजाद खान, हाजी जोरमल, हाजी इबरा, हाजी इस्त्राईल, महेन्द्र जाटव, संजय गर्ग, साहुन खान, नवाब खान, असलूप, खेमचन्द, हासिम, आरिफ, साहून, इस्लाम, सूरज खान, बशीरा, भीमसिंह जोनवाल, नरेन्द्र सिंह, पूरण, बिडदा, समीर, दौलतनागर, शमशेर, फकरूदीन, सुभान, फजरू, अम्मू, युसुफ सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आंतरिक सुरक्षा सम्मेलन के सफल बनाने हेतु सिख और अन्य समाज प्रमुखों के साथ हुई बैठक.

**मरुधर विशेष ब्यूरो चीफ रुपेश शर्मा**



ब्रजभूमि कल्याण परिषद के तत्वाधान में दिनांक 25 दिसंबर 2022 को आंतरिक सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है यह गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादों के बलिदान दिवस की पूर्व दिवस को किया जा रहा है इस संदर्भ में आज ब्रजभूमि कल्याण परिषद और सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई जिसमें सिख समाज से हरमीत सिंह मेहंदी रत्ता, गुरप्रीत सिंह, हरभजन सिंह, एडवोकेट सरदार तारा सिंह, एडवोकेट हरमीत सिंह, रघुवीर सिंह, हरभजन सिंह, बंटी सरदार, श्लोक सिंह, जाट समाज से मोरध्वज सिंह चौधरी, जीतू चौधरी लीली, गुर्जर समाज से डॉ राजकुमार गुर्जर, वाल्मीकि समाज से भवानी शंकर, सैनी समाज से कैप्टन उमराव लाल सैनी, सुमेर सैनी, राजेंद्र सैनी, साहू समाज से श्री चंद्र साहू, ब्राह्मण समाज से श्याम शर्मा, रोहित शर्मा, पुरुषार्थी समाज से सुनील विरमानी, प्रकाश वर्मा, ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता कार्यक्रम के संयोजक अश्वनी जावली ने भाग लिया. आज की बैठक में निर्णय लिया गया की सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि दिनांक 15 दिसंबर 2022 से 25 दिसंबर 2022 तक राष्ट्रीय सुरक्षा मार्च निकालने का निर्णय लिया गया जिसके अनुसार आज दिनांक 15 मार्च 2022 को अपना घर शालीमार स्थित सरदार पटेल की आदमकद प्रतिमा पर श्रमदान कर साफ सफाई की जाएगी और दुग्धअभिषेक किया जाएगा और वहां से राष्ट्रीय सुरक्षा मार्च अलवर के तमाम गली मोहल्लों, तहसीलों में जाएगा और जन जागरण का काम करेगा और हमारे हिन्दू समाज को जाति बंधन से दूर कर एकजुट करने का काम करेगा, आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करेगा! इस मौके पर डॉ पंकज गुप्ता ने कहा की सरदार बल्लभ भाई पटेल हमारे राष्ट्रीय एकता अखंडता और सुरक्षा के सबसे बड़े महा पुरोधा थे जिन्होंने भारत की एकता और अखंडता का महायज्ञ सफल किया था और विश्व में एक नया इतिहास लिखा था.भारत के बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के साहबजादे बाबा फतेह सिंह और बाबा जोरावर सिंह की याद में बाल दिवस मनाने हेतु सिख समाज के साथ चर्चा हुई और इस पर सिख समाज के प्रमुख लोगों ने इसका समर्थन किया और कहा बैठक कर इसके आयोजन को मूर्त रूप दिया जाएगा.आगामी 25 दिसंबर 2022 को , प्रताप ऑडिटोरियम में आंतरिक सुरक्षा सम्मेलन के बारे में ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता ने बताया और कहा की हमारे नागरिकों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है राष्ट्र की सुरक्षा के मद्देनजर आम नागरिकों को भी जागरूक होना चाहिए और अपने आसपास जो भी घटनाएं गतिविधियां चल रही हैं उन पर नजर रखनी चाहिए! कार्यक्रम संयोजक अश्वनी जावली, ने बताया की इसी सम्मेलन में हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठक मुरली मनोहर का मुख्य उद्बोधन रहेगा तथा भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के गीता के माध्यम से जेल पुलिस यूनिवर्सिटी में अपराध मुक्त समाज की अलख जगा रहे राम कृष्ण गोस्वामी मुख्य अतिथि रहने वाले हैं तथा विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ प्रचारक जुगल किशोर जी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे राष्ट्रीय चिंतक डॉक्टर के के गुप्ता अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रहेंगे रहेंगे ।

# राज गढ वृद्ध आश्रम मे सम्पन्न हुआ,स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ।

साठ बुजुर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण।गौरीगंज अमेठीः- बुधवार को नेहरू युवा केंद्र अमेठी द्वारा स्वैच्छिक सेवा एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धाश्रम राजगढ़ गौरीगंज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा स्वैच्छिक सेवा कार्य के अंतर्गत आज युवाओं ने यहां पर वृद्धजनों के लिए मेडिकल कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण का कार्य कराया यह बहुत ही सराहनीय है।उपनिदेशक डॉ आराधना



राज ने उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला विकास अधिकारी एवं चिकित्सा चिकित्सा टीम का स्वागत करते हुए बताया कि स्वैच्छिक सेवा युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में संचालित किया जा रहा हैजिसके अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण प्लास्टिक मुक्त गांव महिला सशक्तिकरण नशा मुक्ति जिनकी सेवा पर्यटक स्थल की सफाई डिजिटल लिटरेसी नशा मुक्त विकलांग सेवा आदि कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक के माध्यम से युवा मंडलों के सहयोग से दस कार्यक्रम किये जा रहे है।वृद्धाश्रम की अधीक्षिका वाहिदा खान ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला युवा परिषद अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी पितांबर कनौजिया के नेतृत्व में मेडिकल टीम द्वारा वृद्धजनों की जांच कर उनको दवा उपलब्ध कराई गई जिसमें 60 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको दवा वितरण की गई।इस अवसर पर पूर्व एनवाईवी अजय,प्रज्ञेस श्रीवास्तव, रोली सिंह, एनवाईवी आकाश, एनवाईवी विकास शुक्ला, एनवाईवी दीपशिखा, सीमा यादव,युवा मण्डल अध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह सहित काफी काफी संख्या में युवा व वृद्धजन उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सड़कों का निर्माण एवं डामरीकरण जिले में तेजी से जारी है

**करन सोनी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर**

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, 14 दिसम्बर 2022/छत्तीसगढ़ राज्य का सीमावर्ती नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जिले में दर्जन भर से ज्यादा सड़कों के निर्माण के बाद डामरीकरण कराया जा रहा है। कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव ने आज जिले के खड़गवॉ इलाके का दौरा कर ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं डामरीकरण कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखने और डामरीकरण का कार्य शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओ लोक निर्माण श्री सी.पी. बंजारे उनके साथ थे।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने अपने भ्रमण के दौरान घुटरा से मुसरा सड़क के डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क की चौड़ाई



और लेयर की मोटाई की जांच भी तकनीकी अधिकारियों से अपने समक्ष करायी। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही और गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जिले की सभी सड़कों के निर्माण कार्य की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। घुटरा से मुसरा सड़क की लंबाई 4.30 किलोमीटर है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में छत्तीसगढ़ सड़क विकास निगम लिमिटेड द्वारा लेदारी से पाराडोल सड़क, रतनपुर से चोपन व्हाया कोटया, जिल्दा से दुग्गी, गुड़घेला नाला से सिंघत, दुग्गी से खड़गवॉ का निर्माण कराया जा रहा है। कलेक्टर ने उक्त सभी सड़कों का निर्माण एवं डामरीकरण तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए।

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में लगभग 60 करोड़ रूपए की लागत से कई ग्रामीण सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। जनकपुर बाईपास सड़क का निर्माण 3 करोड़ 35 लाख 78 हजार रूपए की लागत से कराया जा रहा है, यह बाईपास 1.50 किलोमीटर लंबाई की है। इसी तरह जिले में 3.73 करोड़ रूपए की लागत से सरभोका से डोंगरीटोला सड़क, 8.09 करोड़ की लागत से पेण्ड्री अटल चौक से मटुकपुर मार्ग, 6.09 करोड़ की लागत से घुटरा से मुसरा मार्ग, 2.19 करोड़ रूपए की लागत से केल्हारी चौक से मध्यप्रदेश सीमा तक सड़क, 3.12 करोड़ रूपए की लागत से गुड़घेला नाल से सिंगरघाट, 5.95 करोड़ रूपए की लागत से दुग्गी से खड़गवा, 2.58 करोड़ रूपए की लागत से मनेन्द्रगढ़-लेदरी-पाराडोल सड़क, 3.34 करोड़ रूपए की लागत से लेदरी से गुरचहवा मार्ग, 7.52 करोड़ रूपए की लागत से भरतपुर विकासखण्ड अंतर्गत माथमौर से भैसुन सड़क तथा 4.18 करोड़ रूपए की लागत से भगवानपुर से मां चांग देवी मार्ग का निर्माण जारी है।

# दलित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ राहुल गांधी ने दो घंटे संवाद किया

### दलित समुदाय का जितना वोट हमें मिलता है, उतनी भागीदारी नही है- गांधी

मरुधर विशेष फलोदी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सासंद राहुल गांधी के नेतृत्व में राजस्थान में चल रही भारत जोड़ो यात्रा में सवाई माधोपुर जिले के सुरवाल बाईपास पर यात्री कैंप में राजस्थान के विभिन्न दलित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं सोशल एक्टिविस्टों के साथ डेढ घंटे की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गांधी ने राजनीति एवं ब्यूरोक्रेसी में दलित, अल्पसंख्यक एवं मुस्लिम समुदाय की भागीदारी, बाबा साहेब अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व, समाज में आपसी प्रेम एवं सद्भाव बढाने पर संवाद किया। गांधी ने कहा कि दलित समुदाय का जितना वोट हमें मिलता है, उतनी सत्ता में भागीदारी नही है।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

बैठक में सांसद राहुल गांधी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पीसीसी अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, समाज



कल्याण मंत्री टीकाराम जूली तथा सामाजिक संगठनों की तरफ से अम्बेडकर पीठ जयपुर के महानिदेशक मदन गोपाल मेघवाल, सेवानिवृत्त आईजी सत्यवीर सिंह, बनवारीलाल बैरवा, डॉ. भरत जालोरी, एडवोकेट सतीश कुमार, ताराचंद वर्मा, भूपेंद्र आरोलिया, गणपतलाल मेहरा, एडवोकेट गोरधन जयपाल, पत्रकार अशोक कुमार मेघवाल, सुमन देवठिया, सुनीता बैरवा, एडवोकेट चंदालाल बैरवा, राम तरूण, सुरजमल कर्दम, हंसराज, हेमंत मीमरोठ, देवकिशन मेघवाल, मेनका कैन एवं ललित मेघवंशी आदि उपस्थित रहे।


**यह मुद्दे रखे बैठक में**

बैठक में राजस्थान में अजा-जजा अत्याचार के मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने, अजा-जजा अत्याचार निवारण अधिनियम के सभी प्रावधानों सख्ती से लागू करने, छुआछूत के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाने, राजनितिक नियुक्तियों में भागीदारी बढाने, दलित को आवंटित कृषि भूमि का कब्जा देने, सभी तहसील मुख्यालयों पर बालक-बालिकाओं के लिये समाज कल्याण छात्रावास खोलने, 2 अप्रैल के मुकदमें वापिस लेने, दलित समुदाय की आबादी के अनुपात में बजट खर्च करने सहित विभिन्न मांगे रखी तथा इन पर राहुल गांधी के साथ विस्तृत संवाद किया। गांधी ने बैठक में मौजूद सीएम अशोक गहलोत को बैठक में उठाये गये मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई करने को कहा। बैठक में दलित अधिकार अभियान राजस्थान के सचिव अशोक कुमार मेघवाल एवं समता सैनिक दल के राज्य महासचिव गोरधन जयपाल ने बाप में नवीन छात्रावास भवन बनवाने, बाप में अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी को आरक्षित जमीन जल्द आंवटन करने, आऊ, देचू एवं बापिणी तहसील में समाज कल्याण छात्रावास खोलने, फलोदी समाज कल्याण छात्रावास का भवन विस्तार करने तथा राउमावि गौशाला विधालय का नाम बदलकर महात्मा ज्योतिबा फूले राउमावि रखने के संबंध में सांसद राहुल गांधी, सीएम अशोक गहलोत एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री टीकाराम जूली को पत्र सौपें। बैठक का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने किया। इस अवसर पर अशोक कुमार मेघवाल एवं गोरधन जयपाल ने राहुल गांधी को संविधान की प्रस्तावना भेंट कर एवं शॉल ओढाकर अभिनंदन किया।

## बजरंगबली के भण्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद भी ग्रहण किया

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

शिवगढ़,रायबरेली। शिवगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत भैरमपुर मजरे बैंती स्थित बजरंगबली के मन्दिर में गत वर्षों की भांति दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। मेले के पूर्व श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। जिसके समापन पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें पूण्य की लालसा से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मन्दिर में माथा टेक कर प्रसाद छककर मनोकामनाएं मांगी।मेला कमेटी के प्रबंधक रामखेलावन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले के पहले दिन अपराहन 2 से शाम 6 बजे तक रामलीला



और रात 8 बजे से रात 12 बजे तक भजनों का आयोजन किया जाएगा। वहीं मेले के दूसरे दिन अपराहन 2 से शाम 6 बजे तक रामलीला और रात 9 से नौटंकी का आयोजन किया जाएगा।मेला कमेटी के पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश रावत ने बताया कि बजरंगबली के इस पावन मंदिर में श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। बजरंगबली की कृपा से भक्तों के हर बिगड़े काम बन जाते हैं।भण्डारे में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान जानकीशरण जायसवाल, कन्हैया लाल यादव मायाराम त्यागी, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि खेलाड़ी, जगदीश, राकेश साहू रतन तिवारी रामकिशोर शुक्ला सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बानसूर में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



बानसूर - उपखंड के गांव नवलपुरा में एक 30 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर निःशुल्क रोटी बैंक एंबुलेंस की सहायता से युवक के शव को बानसूर मोर्चरी में रखवाया गया।मामला बानसूर के नवलपुरा गांव का है। जहां रोशन लाल पुत्र रामजीलाल उम्र 30 वर्ष रात को अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रोशन लाल लेंटर डालने की मजदूरी का काम करता था। वहीं रोशन लाल के केवल एक 3 साल की बेटी है। उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।थाना प्रभारी राजेंद्र मीणा ने बताया कि रात्रि को सूचना मिली कि एक युवक ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बानसूर मोर्चरी में रखवाया गया। और सुबह युवक का पोस्टमार्टम किया गया। वहीं पुलिस युवक की आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

## एसडीएम चन्द्रशेखर भण्डारी ने तहसील सभागार कुशलगढ़ में मतदाताओं के नाम शतप्रतिशत जोड़ने हेतु निर्देश दिये

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**



कुशलगढ़ दिनांक 14 दिसंबर 2022 उपखंड अधिकारी कार्यालय कुशलगढ़ में मतदाताओं के नाम शतप्रतिशत जोड़ने हेतु निर्देश दिये गये।मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत कुशलगढ़ निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम चन्द्रशेखर भण्डारी ने तहसील सभागार कुशलगढ़ में आयोजित बैठक में बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों को अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया। 40 प्रतिशत से कम कार्य करने वाले बीएलओ को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार मतदाताओं को घर-घर जाकर नाम जोड़ने के निर्देश दिये एवं अपना लक्ष्य 100 प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिये गये कम प्रगति वाले दो पीएलओ को नोटिस जारी किये गये। बैठक में डीएसई एवं पीएसई के बारे में बीएलओ को विस्तार से बताया गया एवं डीएसई एवं पीएसई का समय पर निस्तारण करने के लिए सभी बीएलओ को पाबंद किया गया। बैठक में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी विरेन्द्र सिंह राठौड़ कुशलगढ़ एवं प्रेमचन्द, नायब तहसीलदार हरिश सोनी उपस्थित रहे।

## थानाधिकारी के जन्मदिन पर बधाई दी

**मरुधर विशेष**



फलोदी। फलोदी थानाधिकारी राकेश कुमार ख्यालिया का जन्मदिन बुधवार को गणमान्य नागरिकों एवं पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में केक काटकर सादगी पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर साफा एवं माला पहनाकर थानाधिकारी ख्यालिया को शुभकामनायें दी गई। इस अवसर पर युवा भामाशाह मेघराज कल्ला, सुनिल व्यास, शिव पंचारिया, जगदीश पालीवाल एवं राजीव देवड़ा सहित पुलिसकर्मी एवं अन्य कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। थानाधिकारी राकेश कुमार ख्यालिया के जन्मदिन पर एडीएम फलोदी शिवपाल जाट, एसडीएम डॉ. अर्चना व्यास, एएसपी अकलेश शर्मा, पारस सोनी, तहसीलदार हुकमीचंद तंवर, डिप्टी एसपी रामकरण सिंह मलिंडा सहित अन्य कई गणमान्य नागरिकों एवं पुलिसकर्मियों ने उन्हें बधाई दी है।

## नवनियुक्त उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी से मुलाकात की

बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट



कुशलगढ़ः आज नवनियुक्त उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी से नगर पालिका अध्यक्ष बबलू मईडा नपा उपाध्यक्ष नितेश बैरागी प्रतिपक्ष नेता रजनीकांत खाब्या नगर पालिका अधिशासी अधिकारी यशपाल सिंह, पार्षद राहुल सोनी भाजपा पूर्व महामंत्री कमलेश टेलर आदि ने नवनियुक्त उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी से मुलाकात की और नगर के विकास के लिए उपखंड अधिकारी से वातार्लाप कर चर्चा की गई उपखंड अधिकारी ने कहा कि कुशलगढ़ एक बहुत अच्छा कस्बा है इसके विकास के लिए हम प्रयासरत रहेंगे और हम सब मिलकर एक योजना तैयार कर कुशलगढ़ का विकास करवाएंगे उन्होंने कहा कि कुशलगढ़ कस्बे का यातायात व्यवस्था भी सुधारी जाएगी कुशलगढ़ कस्बे को बहुत सुंदर और स्वच्छ भी बनाने में हम पीछे नहीं रहेंगे

## विवेकानंद संदेश यात्रा की सांस्कृतिक संध्या आज

**मरुधर विशेष**

फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर स्वामी विवेकानंद संदेश यात्रा के आगमन से एक दिन पूर्व गुरूवार को राजकीय सीनियर स्कूल फलोदी के शिवहरी सभागृह मोहिनी मंच में विभिन्न विद्यालयों के विधार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, कविता एवं नाटक का मंचन किया जायेगा। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी करणसिंह राजपुरोहित ने बताया की कार्यक्रम का उदेश्य स्वामी विवेकानंद संदेश यात्रा का व्यापक प्रसार-प्रचार कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने पर केंद्रित रहेगा, 16 दिसंबर को दोपहर 3 बजे लटियाल मंदिर से स्वामी विवेकानंद संदेश यात्रा की रवानगी होगी जो बिजलीघर पहुंच कर समाप्त होगी। कार्यक्रम के अधिकतम जन भागीदारी जुटाने को लेकर कन्हैयालाल व्यास, मेघराज कल्ला, अशोक पालीवाल, विशंभर थानवी, अश्विनी जोशी, विनोद पुरोहित एवं जयप्रकाश गुचिया आदि तैयारियों में जुटे हुये है।

## सुराणा प्रकरण को लेकर कमिश्नर एवं आईजी से मिले पदाधिकारी

**मरुधर विशेष**

फलोदी। प्रदेश के विभिन्न जन संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जालोर जिले के सायला थाना क्षेत्र के सुराणा गांव में दिवंगत छात्र इंद्र कुमार मेघवाल के चाचा मोटाराम मेघवाल पर हुये जानलेवा हमले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर संभागीय आयुक्त केसी मीणा एवं जोधपुर रेंज आईजी पी. रामजी को ज्ञापन सौंपा गया।



इस अवसर समता सैनिक दल महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती कमला बुगालिया, मेघवाल समाज फलोदी के अध्यक्ष बद्रीनारायण जयपाल, वरिष्ठ समाज सेवी गणपतलाल मेहरा, अजाक नेता बंसत रॉयल, डॉ. सोहन जयपाल, समता सैनिक दल के राज्य महासचिव गोरधन जयपाल, वरिष्ठ छात्र नेता इंद्रजीत गुड़ा, एडवोकेट शिवलाल बरवड़, दलित अधिकार अभियान राजस्थान के सचिव अशोक कुमार मेघवाल, एडवोकेट भीमाराम मूंडिया, खेराजराम जयपाल, किशनाराम बारूपाल, पप्पसा बोस शेरगढ, महेंद्र इणखिया, डॉ. राजन आर. बाल्याण मोहन लीलावत जुड़, लक्ष्मण परिहार, राजेश तेजी, निखिल कड़ेला, शैलेन्द्र सहित अन्य कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने एमडीएम अस्पताल जाकर घायल मोटाराम की कुशलक्षेम पूछी।

स्वत्वाधिकारी,प्रकाशक,मुद्रक, सम्पादक आर.बी.नरूका के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। सह-सम्पादक-महावीर सिंह चौहान मो.99281-68697, 7014373732, सह सम्पादक-अलवर- दिनेश लेखी मो.9079724256